पत्रांक/एडी0कमि0(लेखा कैम्प)/सामान्य/ 79 /वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0
(एडी0कमि0–लेखा कैम्प)
लखनऊः दिनांक 20 दिसम्बर, 2021

1. एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–1,वाणिज्य कर, लखनऊ जोन द्वितीय, लखनऊ।
2. एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–1,वाणिज्य कर, अलीगढ़ जोन अलीगढ़।
3. एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–1,वाणिज्य कर, सहारनपुर जोन सहारनपुर।
4. एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–1,वाणिज्य कर, मुरादाबाद जोन मुरादाबाद।

अवगत कराना है कि कमिश्नर महोदया ने कार्यालय ज्ञाप संख्या–स्था0–1–पी0एफ0–श्री सुरेन्द्र पाल सिंह, से0नि0 डि0कमि0/2891/वा0कर दिनांक 15–12–2021 द्वारा अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है, जिसमें आप सभी सम्मानित सदस्य के रूप में सम्मिलित है। उल्लेखनीय है कि –

1. श्री सुरेन्द्रपाल सिंह, डिप्टी कमिश्नर, वाणिज्य कर खण्ड–1, सीतापुर द्वारा अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर दिनांक 31.03.2016 को सेवानिवृत्त हो चुके है।
2. सेवानिवृत्ति उपरांत श्री सुरेन्द्रपाल सिंह, को ज्वा0कमि0(कार्य0) सीतापुर के आदेश संख्या–54 दिनांक 03–05–2021 द्वारा अनन्तिम पेंशन का आदेश जारी किया जा चुका है।
3. दिनांक 31–03–2016 को सेवानिवृत्ति उपरांत श्री सिंह को अब तक दिनांक 01/10/2006 से 31/10/2009 तक के वेतन भुगतान न होने के कारण उन्हें सेवानैवृत्तिक सबंधी अन्य देयक यथा–ग्रेच्युटी, अर्जित अवकाश का नकदीकरण, सामान्य भविष्य निधि से 90 प्रतिशत का व सामूहिक बीमा देयको के भुगतान के सबंध में अभी कार्यवाही लम्बित है।
4. श्री सिंह द्वारा दिनांक 07–04–2021 को आत्मदाह किये जाने की धमकी दी गयी है,जिस कारण प्रकरण अत्यन्त गंभीर हो चुका है।
5. उल्लेखनीय है कि श्री सुरेन्द्रपाल सिंह उल्लिखित अवधियों में आपके नियंत्रणाधीन रहते हुए कार्यरत रहे हैः–

कार्यालय का नाम	पदनाम	तैनाती का स्थान (कब से)	तैनाती का स्थान (कब तक)	जोन का नाम
असि0सी0(सचल दल इकाई)–2, मुरादाबाद	CTO	06/02/2006	30/06/2008	मुरादाबाद
ए0सी0(चेक पोस्ट)सहारनपुर(सरसवां), सहारनपुर	CTO	30/06/2008	12/02/2009	सहारनपुर
ए0सी0(चेक पोस्ट) सहारनपुर(सरसवां), सहारनपुर	AC	12/02/2009	02/03/2009	सहारनपुर
ए0सी0 सेक्टर–3, महामायानगर, हाथरस	AC	02/03/2009	31/07/2012	अलीगढ़

अतएव आपको सूचित किया जाता है कि उल्लिखित अवधियों में तैनात रहने के सबंध में अभिलेखों के आधार पर वेतन जारी न होने, वेतन रोकने व इससे सबंधित अन्य कारणों के सबंध में अभिलेखो से सत्यापन करते हुए सुस्पष्ट आख्या साक्ष्य सहित पत्र प्राप्ति से 07 दिन के अंदर अधोहस्ताक्षरी के email (hqbudget@gmail.com) पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(शैलेश गिरि)
एडीशनल कमिश्नर(लेखा)
वाणिज्य कर, उ0प्र0।

प्रतिलिपिः–एडीशनल कमिश्नर (पुलिस), वाणिज्य कर, उ0प्र0, महोदय को कमिश्नर महोदया के कार्यालय ज्ञाप सं0–2891/ वा0कर दिनांक 15–12–2021 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित।

(शैलेश गिरि)
एडीशनल कमिश्नर(लेखा)
वाणिज्य कर, उ0प्र0।